मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित
हमारा महानगर
संरक्षक: आर एन सिंह

epaper.hamaramahanagar.net
08 Aug 2026 - Page 5

# परांजपे स्कीम्स ने लॉन्च किया 'द प्रोमेनेड रेजिडेंसेज़'

## इंटीग्रेटेड टाउनशिप की सुविधाओं से युक्त नया प्रीमियम प्रोजेक्ट

**महानगर नेटवर्क**

**पुणे**

परांजपे स्कीम्स (कंस्ट्रक्शन) लिमिटेड ने हिंजेवाड़ी फेज-1 स्थित अपनी 150 एकड़ की प्रतिष्ठित ब्लू रिज इंटीग्रेटेड टाउनशिप में नई प्रीमियम आवासीय परियोजना 'द प्रोमेनेड रेजिडेंसेज़' लॉन्च करने की घोषणा की है। आधुनिक वास्तुकला, विशाल आवास, मुला नदी के मनोरम दृश्य और एक ही परिसर में उपलब्ध विश्वस्तरीय सुविधाएं इस परियोजना की प्रमुख विशेषताएं हैं। ब्लू रिज पुणे की सबसे विकसित और प्रतिष्ठित इंटीग्रेटेड टाउनशिप में से एक है, जहां आवासीय परिसर, व्यावसायिक कार्यालय, पुरस्कार प्राप्त आईसीएसई स्कूल, अत्याधुनिक स्पोर्ट्स क्लब, हाई स्ट्रीट रिटेल, कैफे, रेस्तरां और 9-होल गोल्फ कोर्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसी सुव्यवस्थित और आत्मनिर्भर जीवनशैली की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए 'द प्रोमेनेड रेजिडेंसेज़' विकसित किया गया है। 32 मंजिला इस प्रोजेक्ट में प्रत्येक मंजिल पर केवल तीन आवास रखे गए हैं, जिससे निवासियों को अधिक निजता और खुला रहने का अनुभव मिलेगा। प्रत्येक घर से एक ओर मुला नदी का सुंदर दृश्य दिखाई देगा, जबकि दूसरी ओर ब्लू रिज टाउनशिप और पुणे शहर का विहंगम नज़ारा देखने को मिलेगा। घरों की डिजाइन इस प्रकार की गई है कि प्राकृतिक रोशनी और ताज़ी हवा का अधिकतम लाभ मिल सके। हिंजेवाड़ी फेज-1 के प्रमुख आईटी और व्यावसायिक केंद्रों के निकट होने के कारण यह परियोजना उत्कृष्ट कनेक्टिविटी प्रदान करती है। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, खरीदारी, मनोरंजन और दैनिक जीवन की आवश्यक सुविधाएं टाउनशिप के भीतर ही उपलब्ध हैं। इस अवसर पर परांजपे स्कीम्स (कंस्ट्रक्शन) लिमिटेड के बिजनेस डेवलपमेंट निदेशक अमित परांजपे ने कहा, "आज के होमबायर केवल एक अच्छा घर नहीं, बल्कि बेहतर बुनियादी ढांचे, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और दीर्घकालिक मूल्य वाली जीवनशैली की तलाश में हैं। पिछले दो दशकों में हिंजेवाड़ी फेज-1 ने तेज़ी से विकास किया है और अब यह प्रीमियम आवास के लिए पसंदीदा स्थान बन चुका है।